हरियाणा विधान सभा
अधिवेशन

फरवरी 2024

शोक प्रस्ताव

शोक प्रस्ताव संख्या – 1

श्री कंवल सिंह, हरियाणा के भूतपूर्व मंत्री

यह सदन हरियाणा के भूतपूर्व मंत्री श्री कंवल सिंह के 7 फरवरी, 2024 को हुए दुःखद निधन पर गहरा शोक प्रकट करता है।

उनका जन्म 20 नवम्बर, 1937 को हुआ। वे वर्ष 1977, 1982 तथा 1996 में हरियाणा विधान सभा के सदस्य चुने गये। वे वर्ष 1997–1999 के दौरान विकास एवं पंचायत मंत्री रहे। वे एक निष्ठावान सामाजिक कार्यकर्ता थे।

उनके निधन से राज्य एक अनुभवी विधायक एवं कुशल प्रशासक की सेवाओं से वंचित हो गया है। यह सदन दिवंगत के शोक–संतप्त परिवार के सदस्यों के प्रति अपनी हार्दिक संवेदना प्रकट करता है।

शोक प्रस्ताव संख्या – 2

हरियाणा के शहीद

यह सदन प्रदेश के उन वीर सैनिकों को अपना अश्रुपूर्ण नमन करता है, जिन्होंने मातृभूमि की एकता और अखण्डता की रक्षा के लिए अदम्य साहस और वीरता का परिचय देते हुए अपने प्राण न्योछावर कर दिए।

इन वीर सैनिकों के नाम इस प्रकार हैं :

1. निरीक्षक जगमहेन्द्र सिंह, गांव इस्माईला, जिला रोहतक।
2. सूबेदार जंगशेर सिंह, गांव करसोला, जिला जींद।
3. हवलदार सत्यवान सिंह, गांव मोहनगढ़ छापड़ा, जिला जींद।
4. लांस नायक अभय राम, गांव चैहड़ा, जिला झज्जर।
5. लांस नायक आशीष, गांव झगड़ोली, जिला महेन्द्रगढ़।
6. लीडिंग एयरक्राफ्टमैन नितिन कुमार, गांव बधवाना, जिला चरखी दादरी।
7. पैराट्रूपर तेजपाल, गांव भिड़ूकी, जिला पलवल।
8. सिपाही संजय यादव, गांव नूनी अव्वल, जिला महेन्द्रगढ़।
9. सिपाही रविन्द्र सिंह, गांव पोता, जिला महेन्द्रगढ़।

यह सदन इन वीरों की शहादत पर शत्–शत् नमन करता है और शोक–संतप्त परिवार के सदस्यों के प्रति अपनी हार्दिक संवेदना प्रकट करता है।

———

शोक प्रस्ताव संख्या – 3

यह सदन

सांसद श्री धर्मबीर सिंह के पिता, **श्री भलेराम;**

विधायक श्री मामन खान के ससुर, **हाजी सुल्तान खान;**

विधायक श्री लीलाराम की सास, **श्रीमती केसरी;**

तथा

विधायक श्री अमित सिहाग की ताई, **श्रीमती कमला देवी** के दुःखद निधन पर गहरा शोक प्रकट करता है।

यह सदन दिवंगतों के शोक–संतप्त परिवार के सदस्यों के प्रति अपनी हार्दिक संवेदना प्रकट करता है।

———————

10888—D.I.P.R.L. & C.—H.G.P., Pkl.